# कानपुर-बरेली से शुरू होगी नई उड़ानें

## बरेली से मुंबई व बंगलूरू की फ्लाइट इसी सप्ताह से

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। बरेली और कानपुर से देश के प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवाएं जल्द शुरू होंगी। बरेली से मुंबई के लिए 12 अगस्त और बंगलूरू के लिए 14 अगस्त से फ्लाइट शुरू होगी। इसी तरह कानपुर से हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली की फ्लाइट 15 सितंबर से शुरू करने की योजना है। जबकि कोरोना संक्रमण नियंत्रित होने के बावजूद यात्री नहीं मिलने से एयरलाइंस कंपनियों की परेशानी बढ़ रही है।

प्रदेश में 8 एयरपोर्ट से रोजाना 71 स्थानों के लिए हवाई सेवाओं का संचालन हो रहा है। लखनऊ से 21, वाराणसी से 20, प्रयागराज से 11, गोरखपुर से 8, आगरा से 5, कानपुर नगर व हिंडन से 3-3 और बरेली से एक उड़ान प्रतिदिन चल रही है। हालांकि कोरोना संक्रमण काल में कुछ फ्लाइट बंद हुई है। वहीं, कोरोना संक्रमण नियंत्रित होने के बावजूद यात्री नहीं मिलने से एयरलाइंस कंपनियों को उड़ानें रद्द करनी पड़ रही है।

### पांच एयरपोर्ट बनकर तैयार, लाइसेंस का इंतजार



प्रदेश के नागरिक उड्डयन मंत्री गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और चित्रकूट एयरपोर्ट बनकर तैयार हो गए हैं। वहां रनवे, टर्मिनल बिल्डिंग, एयर ट्रैफिक कंट्रोल बिल्डिंग, पार्किंग सहित अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार हो गए हैं। इन एयरपोर्ट पर हवाई सेवाओं के संचालन के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से लाइसेंस का इंतजार है।

### जेवर एयरपोर्ट का शिलान्यास व कुशीनगर एयरपोर्ट का लोकार्पण जल्द

नंदी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का शिलान्यास करेंगे। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी बनकर तैयार है। इसका जल्द ही लोकार्पण होगा।